वीयू –पशुजन स्वास्थ्य एवं महामारी विभाग में एसकार्ड प्रशिक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पशुजन स्वास्थ्य एवं महामारी विभाग द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन के सौजन्य से एस काड के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जूनोटिक बीमारियों से बचाव, सुरक्षा एवं किसानों की आय की वृद्धि के संदर्भ में चर्चा हो रही है ।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता हमारे विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ मनदीप शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरके शर्मा, प्रशिक्षण के संयोजक डॉ आरबी सिंह, संचालक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. भावना गुप्ता ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर